इंदिरा गांधी नहर परियोजना का निर्माण-कार्य

961. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना का निर्माण कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है;

(ख) यदि हां, तो 1989–90 के वर्ष के अंत तक इस परियोजना के निर्माण कार्य पर कुल कितना खर्च हुआ है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस परियोजना को पूरा करने के लए 1,400 करोड़ रुपयों की अतिरिक्त जरूरत का अनुमान लगाया गया है; और

(घ) क्या सरकार ने यह अतिरिक्त धनराशि आवंटित करके इस परियोजना को पूरा करने का निर्णय किया है; यदि हां, तो कब तक ?

जल संसाधन मंत्री साथ में जल भूतल परिवहन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री मनुभाई कोटाड़िया) : (क) परियोजना का चरण–I तथा मुख्य नहर का चरण–II पहले ही पूरा हो गया है तथा चरण–II की वितरण प्रणाली पर कार्य चल रहा है।

(ख) चरण–I और II के लिए नहर कार्यों पर 719.63 करोड़ रुपए तथा कमान क्षेत्र विकास कार्यों पर 376.35 करोड रुपए।

(ग) राज्य सरकार ने नहर और कमान क्षेत्र विकास कार्यों के लिए संशोधित अनुमान को अंतिम रूप नहीं दिया है।

(घ) राज्य योजना के अन्तर्गत राजस्थान सरकार द्वारा परियोजना क्रियान्वित की जा रही है।

देश में टेलीफोन कनेक्शन

962. **श्री बलराम सिंह यादव :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने वर्ष 1991–92 के दौरान देश में 15 लाख टेलीफ़ोन कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु देश में ही आवश्यक उपस्करों के निर्माण हेतु भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में निर्मित उन उपस्करों के नाम क्या हैं जिनके अपेक्षित मात्रा में उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है और सरकार द्वारा शेष सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए क्या व्यवस्था की जा रही है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उप मंत्री और संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जय प्रकाश) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता।

Submission of Project Report on Srisailam Left Bank *Carnal* Scheme

963. DR. NARREDDY THULASI REDDY: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state

(a) whether Government of Andhra Pradesh have submitted the detailed project report of Srisailam Left Bank Canal Scheme; and

(b) if so, what are the reasons for which the scheme has not so far been cleared?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES WITH ADDITIONAL CHAR-